सुविचार
सब कुछ आपकी शक्ति के भीतर है और आपकी शक्ति आपके भीतर है।

दैनिक भास्कर

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

राजस्थान

सेंसेक्स	75,939.18		-28.21
डॉलर	86.98		0.00

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

	अधिकतम	न्यूनतम	आज का अनुमान (न्यूनतम)
जयपुर	28.5	15.8	16.0
दिल्ली	28.4	10.4	13.0
मुंबई	34.1	20.0	19.0

dainikbhaskar.com झुंझुनूं, गुरुवार, 20 फरवरी, 2025 फाल्गुन, कृष्ण पक्ष-7, 2081 12 राज्य | 61 संस्करण

शेखावाटी भास्कर

झुंझुनूं, गुरुवार, 20 फरवरी, 2025 झुंझुनूं • नवलगढ़ • मुकुंदगढ़ मलसीसर • मंडावा • बिसाऊ dainikbhaskar.com

कौशल विकास में सीरी जैसे शोध संस्थानों और विश्वविद्यालयों की भूमिका महत्वपूर्ण: बागड़े

सीरी पिलानी में ईएसडीएम स्किल कॉन्क्लेव 2025 के समापन पर मुख्य अतिथि थे राज्यपाल बागड़े

भास्कर न्यूज | पिलानी

सीएसआईआर सीरी पिलानी में इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन एवं मैन्युफैक्चरिंग (ईएसडीएम) स्किल कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन बुधवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने नई शिक्षा नीति पर प्रकाश डालते हुए लाभ बताए। उन्होंने कहा कि देश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, आवश्यकता उनके कौशल को निखारने की है। इस काम में हमारे विश्वविद्यालय और सीरी जैसे शोध संस्थानों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

राज्यपाल ने भारतीय वैदिक साहित्य और सनातन संस्कृति की महत्ता बताते हुए कहा कि हमारे वेद और साहित्य हमारे प्राचीन विज्ञान के उन्नत होने का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीरी पिलानी के निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया ने स्वागत के बाद संस्थान की शोध गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी दी। विज्ञान भारती राजस्थान के सचिव डॉ. मेघेंद्र शर्मा ने आयोजन के उद्देश्य बताए।

पिलानी. सीएसआईआर-सीरी पिलानी में अफोर्डेबल पीसीआर तकनीक हस्तानांतरण करते राज्यपाल व निदेशक।

स्वास्थ्य परीक्षण व आणविक जांचों को अधिक सुलभ और किफायती बनाएगी नई तकनीक

यह कार्यक्रम विज्ञान भारती राजस्थान के सहयोग से आयोजित किया गया था। ईएसडीएम स्किल कॉन्क्लेव-2025 में औद्योगिक क्षेत्र के विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं, शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं ने शिरकत करते हुए भारत के ईएसडीएम क्षेत्र के विकास की संभावनाओं पर विचार विमर्श किया। कार्यक्रम में कलेक्टर रामावतार मीणा, एसपी शरद चौधरी, डॉ. चंद्रशेखर, डॉ. आरपी पारीक, जगदीश प्रसाद सोनी सहित वैज्ञानिक एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

अफोर्डेबल पीसीआर तकनीक का किया हस्तांतरण : ईएसडीएम स्किल कॉन्क्लेव-2025 कार्यक्रम के दौरान एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में अफोर्डेबल पीसीआर तकनीक का हस्तांतरण क्राफ्ट जाइम्स बायोटेक प्रालि कोयंबटूर (तमिलनाडु) के संस्थापक एवं निदेशक डॉ. श्रीधरन जे. को किया गया। सीरी पिलानी द्वारा विकसित इस तकनीक के प्रयोग से स्वास्थ्य परीक्षण और आणविक जांच को अधिक सुलभ और किफायती बनाया जा सकेगा।

राज्यपाल ने जीवन धारा मूर्ति का किया अनावरण

ईएसडीएम स्किल कॉन्क्लेव के मुख्य समारोह से पहले राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने विज्ञान की जीवन धारा मूर्ति का अनावरण किया गया। यह मूर्ति विज्ञान एवं वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचारों द्वारा आम जनमानस को लाभान्वित करने का प्रतीक है। उन्होंने संस्थान की इलेक्ट्रॉनिक साइंस गैलरी और सेमिकंडक्टर प्रयोगशाला भी देखी।